# विंध्य के प्रतिनिधि मंडल ने बड़े नेताओं के सामने रखी मांग

## राज्यसभा सीट को लेकर की चर्चा, प्रदेशाध्यक्ष व नेताप्रतिपक्ष से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, रीवा संभाग में कांग्रेस पार्टी के अंदर ब्राम्हण नेतृत्व की मांग तेज हो गई है. कांग्रेस आला कमान से राज्यसभा सीट देने की मांग लगातार उठाई जा रही है. विंध्य से एक प्रतिनिधि मंडल भोपाल पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात कर अपनी बात रखी.**



प्रतिनिधि मंडल पूर्व से तय समयानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से भोपाल स्थित आवासीय कार्यालय में अलग मिलकर राज्यसभा में रीवा संभाग से कांग्रेस के ब्राह्मण चेहरे को भेजने की मांग रखी. उनका कहना था कि लंबे समय से इस समाज की उपेक्षा हो रही है, जिसका सीधा असर चुनावी परिणामों में दिखाई दे रहा है. प्रतिनिधि मंडल की ओर से प्रदेश प्रवक्ता डा. विनोद शर्मा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरिजेश पाण्डेय ने पूरा पक्ष रखा. मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि कि 3 लोक सभा सहित 22 विधानसभा क्षेत्रों आजादी के बाद जब पूरे देश मे कांग्रेस का प्रभाव बढ़ा तब यहाँ समाजवादियों का प्रभाव होता था. कांग्रेस पार्टी ने इस अंचल में विस्तार करने की रणनीति बनाई और लगभग सफल हुई,पार्टी ने तब भी ब्राह्मण नेतृत्व को आगे करके यहाँ राजनैतिक वर्चस्व प्राप्त किया था. पश्चात पार्टी ने धीरे धीरे समाज के नेतृत्व को घटाना शुरू किया. इस संभाग में ब्राह्मण मतदाता सबसे बड़ी संख्या में होकर निर्णायक भूमिका में हैं, बाबजूद लगभग दो दशक से टिकट वितरण और संगठनात्मक पदों में उन्हें पर्याप्त स्थान नहीं मिल रहा. ऐसे में ब्राह्मण समाज के आम मतदाताओं सहित कार्यकर्ताओं में निराशा बढ़ रही है और इसका लाभ विपक्ष उठा रहा है. प्रतिनिधि मंडल में सीधी से ज्ञानेंद्र द्विवेदी, वरुण द्विवेदी सिंगरौली से रामअशोक शर्मा, श्रीमती मधु शर्मा, देवेंद्र दरोगा पाठक, रमाशंकर शुक्ल सतना से महीपत शुक्ल, उपेंद्र मिश्र मऊगंज से आर बी शर्मा, हरिगोविंद सिंह तिवारी,कमलेश पाण्डेय, मैहर से अखिल मिश्रा, शिवम पाण्डेय तथा रीवा से गिरिजेश कुमार पाण्डेय,विनोद शर्मा, अभिषेक तिवारी, दिलीप तिवारी तथा राज तिवारी शामिल थे.

# बोरवेल में गिरी बकरी का सुरक्षित रेस्क्यू

## ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से टला बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

**देवसर 31 मार्च। देवसर जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुर्सा के टोला-भाट में आज दिन मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। खेत में बने एक पुराने और खुले बोरवेल में एक बकरी गिर गई, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश कोरी की बकरी अचानक लगभग 30 फीट गहरे बोरवेल में गिर गई और करीब पांच घंटे तक उसी में फंसी रही। घटना की सूचना मिलते ही गांव के युवा समाजसेवी अरुण कुमार साहू ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। उन्होंने बिना समय गंवा, जेसीबी मशीन मंगवाई, जिसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर बचाव कार्य शुरू किया। रेस्क्यू अभियान में राम औतार साहू, श्याम कुमार साहू, छोटेलाल साहू, रघुनाथ कोरी, लवकुश कोरी, बुद्धिमान कोरी और सीताशरण प्रजापति सहित कई ग्रामीणों ने लगातार कई घंटों तक कड़ी मशक्कत की। जेसीबी की मदद से बोरवेल के पास सुरक्षित तरीके से खुदाई की गई और सावधानीपूर्वक बकरी को बाहर निकाला गया। करीब पांच घंटे की मेहनत के बाद बकरी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि बकरी की कीमत लगभग 12 हजार रुपये आंकी गई है। इस सफल रेस्क्यू अभियान में अरुण कुमार साहू की सक्रियता, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता की ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों ने उनके इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी तत्परता से एक बड़ा नुकसान टल गया।

# बैंक आने वालों को निशाना बनाने वाला गिरोह पकड़ाया

## एसआईटी टीम ने की दबिश कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सीधी, 31 मार्च. कोतवाली पुलिस ने बैंक से पैसा निकालने वालों को निशाना बनाने वाले अंतरराज्यीय शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

### इनका कहना है

यह गिरोह अत्यंत शातिर है जो बैंकों में ग्राहकों की रेकी करता था और मौका मिलते ही चंद सेकंड में डिग्गी तो?कर फरार हो जाता था। हमारी टीम ने तकनीकी दक्षता और ?मीनी सूचनाओं के मेल से इन्हें पक?ने में सफलता हासिल की है। इन आरोपियों पर पूर्व से एक दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ एवं जांच में आरोपियों ने थाना कोतवाली के दो मामलों के अतिरिक्त, थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी के एक मामले एवं थाना विजयराघवगढ़ जिला कटनी के एक मामले में घटना कारित करना स्वीकार किया है।

**संतोष कोरी**
पुलिस अधीक्षक सीधी



कोतवाली पुलिस ने शहर में वाहन की डिग्गी तो?कर लाखों की चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह को बेनकाब किया है। पुलिस ने दो कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की राशि और घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार हाल के दिनों में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक से मोटी रकम निकालकर जाने वाले नागरिकों के साथ उठाईगिरी और वाहनों की डिग्गी तो?कर चोरी करने की सनसनीखेज घटनाएं सामने आई थीं। अज्ञात आरोपियों द्वारा अंजाम दी गई इन वारदातों को पुलिस अधीक्षक सीधी ने अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपियों की धरपक? हेतु निर्देशित किया और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। इस टीम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के साथ विशेष टीम गठित की गई। विशेष टीम ने विवेचना के दौरान घटनास्थलों के आसपास के लगभग 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की गहन मैपिंग की और संदिग्धों के हुलिए के आधार पर उनका पीछा शुरू किया। तकनीकी सर्विलांस के माध्यम से पुलिस टीम ने आरोपियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी अत्यंत शातिर हैं और बैंक के अंदर से ही ग्राहकों की रेकी करना शुरू कर देते थे। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और सूचना मिलते ही घेराबंदी कर दो शातिर अंतरराज्यीय अपराधियों को दबोच लिया।

# लोकायुक्त टीम ने लेखपाल को घूस लेते पकड़ा

▶ 1500 की मांग, 1200 लेते पकड़ा गया आरोपी शिक्षक

नवभारत न्यूज

**सतना, 31 मार्च. रीवा लोकायुक्त संभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए सतना जिले में जन शिक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।**





महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के सख्त निर्देश और उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में यह ट्रैप कार्रवाई मंगलवार को की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मनोज प्रताप सिंह, निवासी उतैली वार्ड नंबर 22, बाईपास रोड, जिला सतना ने 25 मार्च को लोकायुक्त कार्यालय रीवा में पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उनके क्रमोन्नति प्रकरण को ट्रेजरी द्वारा आपत्ति लगाकर वापस कर दिया गया था, जिसे सुधार कर पुन- भेजने के एवज में आरोपी महेंद्र पांडे, जन शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सज्जनपुर, तहसील रामपुर बाघेलान, जिला सतना द्वारा 1500 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी।

**रंगे हाथों धर दबोचा** -लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें आरोपी द्वारा 1200 रुपये रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद मंगलवार को टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गई और आरोपी महेंद्र पांडे को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सज्जनपुर परिसर में 1200 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

### इन्होंने किया ट्रैप

इस ट्रैप कार्रवाई में निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया (ट्रैपकर्ता अधिकारी) और निरीक्षक एस. राम मरावी सहित लोकायुक्त टीम के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिलहाल आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बहू ने ससुर के प्राइवेट पार्ट पर मारी लात, हुई मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 मार्च, घरेलू विवाद में बहू ने ससुर के प्राइवेट पार्ट पर लात मार दी जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन उनको अस्पताल लेकर गए, जहां मौत हो गई. पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है.**

घटना मऊगंज जिले के लौर थाने के भगतपुरा की है यहां के निवासी जगदीश साकेत का सुबह 11 बजे अपनी बहू पुष्पा साकेत के साथ विवाद हुआ था. घरेलू विवाद में ससुर ने अपनी बहू को एक डंडा मार दिया. इससे नाराज बहू ने ससुर को धक्का देकर गिरा दिया और जमकर मारपीट की. बहू ने ससुर के प्राइवेट पार्ट पर लातों से प्रहार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. शोर शराबा सुनकर परिवार के अन्य लोग पहुंचे तो बहू धमकाते हुए अपने कमरे में चली गई. घटना के बाद वृद्ध को खून की उल्टियां होने लगी. इसकी जानकारी मिलने पर बड़ा बेटा घर आया और पिता को गंभीर अवस्था में देवतालाब के निजी अस्पताल में ले गया. शाम 4 बजे डॉक्टरों ने वृद्ध को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.

सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में शिफ्ट करवा दिया. पुलिस ने केस दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है. बताया गया है कि पुष्पा के पति महेन्द्र साकेत के किसी महिला से अवैध संबंध को लेकर अपने सास ससुर से आए दिन विवाद होता था. सोमवार सुबह ससुर अपनी बहू के साथ गाली गलौज कर रहा था जिस पर वह वीडियो बना रही थी. ससुर ने उसका मोबाइल छीन लिया जिससे विवाद बढ़ गया और महिला ने अपने ससुर की हत्या कर दी.

### रंगरेलिया मनाते फॉरेस्ट गार्ड का फोटो वायरल

**सिंगरौली 31 मार्च।** संजय नेशनल पार्क अभ्यारण्य बगदरा के एक बीट गार्ड का फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बीट गार्ड रंगरेलिया एक आदिवासी युवती के साथ मना रहा था कि किसी ने फोटो खीच कर वायरल कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सरस्वती सिंह ने बीट गार्ड के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने की मांग की है।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99